हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–141 : जौनपुर, गुरुवार 02 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## बजट का सबसे अधिक फायदा यूपी को मिलेगा : इसमें छिपा है 25 साल का विजन–सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023–24 का बजट प्रस्तुत किया। उससे यूपी की जनता लाभान्वित होने जा रही है। अमृतकाल के पहले बजट में पहले वर्ष से आजादी के शताब्दी वर्ष तक कैसा भारत चाहते हैं। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला सर्वस्पर्शी समावेशी बजट है। समाज के प्रत्येक तबके को बजट में अवसर देने का काम किया है। इन अवसर को सप्तऋषि के रूप में लिया है। योगी ने कहा कि सप्तऋषि के रूप में सात प्राथमिकता तय की है। समावेशी विकास, अंत्योदय की परिकल्पना, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट, रेलवे का बजट पहले से अधिक है, 50 नए एयरपोर्ट बनाने जा रहे हैं। इसका सबसे अधिक फायदा यूपी को मिलेगा। यूपी ने सबसे ज्यादा हाइवे का प्रस्ताव भेजा है। सक्षमता को सामने लाना भी प्राथमिकता है। यूपी के लिए बड़ी संभावना है। ग्रीन ग्रोथ भी प्राथमिकता है। यूपी में ग्रीन एनर्जी, हाइड्रोजन एनर्जी पर यूपी में काम हो रहा है। युवा शक्ति की प्राथमिकता का लाभ यूपी को मिलेगा। यूपी में सबसे अधिक युवा हैं। केंद्रीय बजट विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करता है। 2047 में हर भारतवासी कह सकेगा कि वह सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति का निवासी है। 25 साल का विजन बजट में छिपा है। आर्थिक विकास दर 7 फीसदी पहुंचाने का लक्ष्य है। भारत की प्रति व्यक्ति आय दोगुना हुई है। अंत्योदय के तहत 15 करोड़ यूपी की जनता मुफ्त अनाज ले रही है। पीएम आवास का लाभ पात्रता सूची के हर व्यक्ति




को मिल जाएगा। 25 करोड़ आबादी यूपी में निवास करती है। 35 मेडिकल कॉलेज पर काम कर रहे हैं। हेल्थ सेंटर का बैक बुन में 28 नए नर्सिंग कॉलेज मिल जाएंगे। नर्सिंग के छात्रों को प्लेसमेंट की गारंटी मिलेगी। कृषि विकास दर को 5 से बढ़ाकर 8.5 फीसदी करने में सफल रहे। बहुत अच्छा गुंजाइश है। सबसे अधिक उर्वरक भूमि और जल उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में संभावना को आगे बढ़ाने का काम किया गया है। प्रदेश के आठ आकांशी जिले में विकास में बहुत काम हुआ है। देश के 112 आकांशी जिले में टॉप 5में सभी पांच जिले यूपी के है। टॉप 20 में सभी 8 जिले है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सीवर सफाई का काम मशीन से होगा। पर्यटन विकास को मिशन मोड पर करेंगे। ओडीओपी को प्रोत्साहन का लाभ मिलेगा। प्राकृतिक खेती की योजना का लाभ यूपी लेगा।पीएम कौशल सम्मान योजना का लाभ यूपी के कारीगरों और हस्तशिल्पियों को मिलेगा।

## 11 फरवरी 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एम0ए0सी0टी0 की चतुर्थ प्री–ट्रायल बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 11 फरवरी 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री–ट्रायल बैठक पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर भुदेव गौतम की अध्यक्षता एवंजिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुरके तत्वावधान में 02 फरवरी 2023 को न्यायालय/कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण जौनपुर में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी। बैठक में विचार–विमर्श करते हुए पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण जौनपुर भुदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर वादों का




निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एम0ए0सी0टी0 पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व सभी बीमा कम्पनी के अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी जे.ई. के पास वर्क प्लान अनिवार्य रूप से होना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) राजेश गुप्ता को निर्देशित किया कि सभी जे.ई. से नियमित रूप से प्रगति रिपोर्ट लेते रहे। अधिशासी अभियंता के द्वारा बताया गया कि कुल 16 जे.ई. के द्वारा कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो भी सामग्री उपयोग में लाई जा रही हो बी.आई.एस. सर्टिफाइड हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पानी की टंकियों के निर्माण में प्रगति में तेजी लाएं अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी और साथ ही साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल लगवाने के कार्य में भी तेजी लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन कार्य के कार्यों का सत्यापन वरिष्ठ अधिकारियों से कराया जाए। भुगतान को न रोका जाए और समय



से कर दिया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्था एफकान के द्वारा 1000, वेलस्पेन के द्वारा प्रतिदिन 500 हाउस कनेक्शन दिये जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि एक एप विकसित किया जाये जिसकी सहायता से जल–जीवन मिशन कार्य की मानीटरिंग किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भरता एवं स्वालंबन का सपना साकार करेगी सहकार भारती – मधुबाला साबू

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहकारिता के क्षेत्र मे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्रव्यापी संगठन सहकार भारती जौनपुर एवं सखी वेल्फेयर फाऊंडेशन जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान मे नारी स्वालंबन हेतू स्वयं सहायता समूह गोष्ठी का आयोजन सहकार भारती के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू की अध्यक्षता मे बुधवार 1 फरवरी 2023 को प्राथमिक विद्यालय खानपट्टी, हरदीपुर मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ मे मुख्यअतिथि मधुबाला साबू , राष्ट्रीय प्रमुख, एसएचजी प्रकोष्ठ, विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेवती जी, राष्ट्रीय महिला प्रमुख, अतिथि राजेश शर्मा, राष्ट्रीय सह प्रमुख एसएचजी प्रकोष्ठ, कोमल गुप्ता, सह प्रमुख एसएचजी प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश, प्रीती गुप्ता जिला महिला प्रमुख एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा सहकार भारती के संस्थापक स्व0 लक्ष्मणराव ईनामदार व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मधुबाला साबू ने कहा कि सृजन ही आर्थिक शक्ती का आधार होता है। भारत की सबसे बड़ी शक्ती जनशक्ति है यदि ईसे अच्छा नेतृत्व और दक्ष लोगो का साथ मिल जाये तो अर्थतंत्र मजबुत हो जायेगा। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ही आत्मनिर्भरता एवं स्वालंबन का स्वप्न साकार होगा। सहकार भारती महिलाओ को अर्थिक रुप से मजबुत बनाने के लिये हर सम्भव कोशिश कर रही है। स्वयं सहयता समूह के माध्यम से ज्यादा संख्या मे माताये व बहने जुड़ रही है उन्होने परिवार चलाने का बीड़ा उठा लिया है यह एक संदेश है कि उनको आत्मनिर्भर बनने से अब कोई ताकत रोक नही सकती है। विशिष्ट अतिथि रेवती जी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह मे कार्य करने वाली महिलाओ मे जुनून है जो उन्हे अर्थिक रुप से मजबुत बनायेगी। स्वयं सहायता समूह का प्रमुख लक्ष्य गरीब लोगो के बीच नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। अतिथि राजेश शर्मा एवं कोमल गुप्ता ने छोटे छोटे सस्ते उत्पाद के निर्माण एवं विक्री पर चर्चा की। जिला



महिला प्रमुख प्रीती गुप्ता ने समूह की महिलाओ से कहा कि आप सभी जज्बे से कार्य करे, प्रोडक्ट की क्वालिटी अच्छा रक्खे, आपको रुकना नही है किसी भी जरुरत पर सहकार भारती आपके साथ है। सहकारिता विभाग, सहकारी संस्थाएँ सहायता समूह के लिये समर्पित है। उन्होने कहा कि जल्द ही जनपद मे 40 नये वस्तुओं का प्रशिक्षण शिविर लगा कर महिलाओ को प्रशिक्षित किया जायेगा, जिससे नये वस्तु का निर्माण के साथ उनका अर्थिक विकास हो। जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू ने समूह के लोगो को आश्वासन दिया कि जल्द ही सहकारिता विभाग मार्केटिंग एजेन्सी बनाकर अच्छी सुबिधाये उपलब्ध करायेगा जिससे समूहों के बने प्रोडक्ट की बेहतर मार्केटिंग की जा सके। स्वयं सहायता समूह को प्रशिक्षण की जरुरत है जिसे सहकार भारती कर रही है। जिला सह महिला प्रमुख द्वय अर्चना सिंह, रजनी साहू ने अतिथियो को स्मृति चिन्ह देकर व जिला महामंत्री भोला नाथ मिश्रा, एसएचजी प्रमुख जौनपुर किरन जायसवाल ने अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुचने पर स्वयंसेवक रंगीले निषाद के नेतृत्व मे दर्जनो लोगो द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन अर्चना सिंह ने किया और अन्त मे जिला महामंत्री भोला नाथ मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे मुख्य रुप से स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष गण श्रीमती सलोनी निषाद, श्रीमती मान तारा देवी, श्री मती प्रभावती निषाद, रंगीले निषाद, नरायण चौरसिया, कमल सेठ एवं स्वयं सहायता समूह की महिलायें उपस्थिति रही

## बीजेपी ने सबकी उम्मीदों वाला बजट बताया : गरीब विरोधी महंगाई–बेरोजगारी की तो बात ही नहीं –विपक्ष

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में अपना पांचवां आम बजट पेश किया। इस दौरान कृषि, शिक्षा, गरीबों, महिलाओं और नौकरीपेशा लोगों के लिए अहम ऐलान किए गए। 7 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री कर दी गई। भाजपा इसे आम जनता की उम्मीदों का बजट बता रही है, तो विपक्ष ने इसे निराशाजनक बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमृत काल का पहला बजट विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव रखेगा।हर वर्ग का सपना पूरा होगा। यह बजट गरीब, मध्यम वर्ग, किसान सहित आकांक्षी समाज के सपनों को पूरा करेगा। परंपरागत रूप से अपने हाथों से देश के लिए मेहनत करने वाले 'विश्वकर्मा' इस देश के निर्माता हैं।पहली बार 'विश्वकर्मा' के प्रशिक्षण और सहायता से संबंधित योजना बजट में लाई गई है।राहुल ने कहा यह मित्र काल का बजट है। भविष्य के लिए सरकार के पास कोई रोड मैप नहीं है. 50% गरीब 64% GST देते हैं। बजट में महंगाई से निपटने और रोजगार देने के लिए कोई योजना नहीं है। 42% युवा बेरोजगार हैं, लेकिन च्ड को कोई परवाह नहीं है।मल्लिकार्जुन खड़गे बोले बजट 2–4 राज्यों के चुनाव को देखते हुए पेश किया गया है,यह बजट नहीं इलेक्शन स्पीच है। उनकी जो भी बातें उन्होंने बाहर कही है वैसे जुमले इस बजट में डालकर इसे दोहराया गया है।बजट में महंगाई और मुद्रा स्फीति में इजाफा है जिसपर ध्यान देना चाहिए था। उन्होंने कहा था कि वे हर साल 2 करोड़ नौकरियां देंगे। सरकारी भर्तियों के लिए भी कुछ भी नहीं हुआ। गरीब, बेरोजगार के लिए इस बजट में कुछ नहीं है।पी चिदंबरम के मुताबिक, 2023–24 के बजट से पता चलता है कि यह सरकार लोगों और आजीविका के बारे में उनकी चिंताओं से कितनी दूर है। यह एक संवेदनहीन बजट है, जिसने अधिकांश लोगों की आशाओं को धोखा दिया है।नई कर व्यवस्था का विकल्प चुनने वालों की छोटी संख्या को छोड़कर कोई कर कम नहीं किया गया। 'तर्कहीन' जीएसटी दरों में कोई कटौती नहीं की गई है।नई कर व्यवस्था को डिफॉल्ट विकल्प बनाना 'घोर अनुचित' है। यह पुरानी व्यवस्था के तहत सामान्य करदाताओं को मिल रही अल्प सामाजिक सुरक्षा से वंचित करेगा। शशि थरूर के अनुसार बजट में कुछ चीजें अच्छी थीं, मैं इसे पूरी तरह नेगेटिव नहीं कहूंगा, लेकिन अभी भी कई सवाल उठते हैं। बजट में मनरेगा का कोई जिक्र नहीं था। सरकार मजदूरों के लिए क्या करने जा रही है? बेरोजगारी, महंगाई की बात भी नहीं की गई।

## अग्निवीरों की 'अग्निपरीक्षा' : भर्ती में उत्तीर्ण 554 अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की होगी जांच

वाराणसी ब्यूरो : अग्निवीर भर्ती में उत्तीर्ण 554 अभ्यर्थियों को गुरुवार को छावनी स्थित सेना भर्ती कार्यालय बुलाया गया है। यहां पर अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों का फिर से सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों को नई रिपोर्टिंग की तारीख बताई जाएगी। सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार दो फरवरी से सुबह नौ बजे से सफल अभ्यर्थी कार्यालय पहुंचेंगे। परीक्षा में सोल्जर जनरल ड्यूटी के कुल 422 अभ्यर्थी पास हुए हैं। जबकि टेक्निकल पद के 91 अभ्यर्थी, ट्रेडमैन (10वीं पास) के 18, 8 वीं पास के 21, क्लर्क पद पर मात्र दो अभ्यर्थी पास हुए हैं। ऐसे में पूर्वांचल से कुल 554 अभ्यर्थी अग्निवीर की परीक्षा में सफल



हुए हैं। बता दें कि सेना भर्ती के लिए वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, भदोही, सोनभद्र, मिर्जापुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, गोरखपुर, देवरिया के युवक शामिल हुए थे।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक

## लैंगिक रूढ़िवादिता' पर एक संगोष्ठी का किया गया आयोजन




ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत पीजी कॉलेज कमता द्वारा लैंगिक रूढ़िवादिता पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ श्याम किशोर के द्वारा किया गया समस्त छात्र छात्राओं ने समाज में लैंगिक असमानता तथा लिंग आधारित समाजीकरण को समझाया गया।

## भूमि नलकूप सगंठन को हस्तांतरित न होने के कारण नहीं लग पा रहा है नलकूप

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ग्राम व पोस्ट पलिया थाना सुबेहा घ्तहसील हैदर गढ़ जिला बाराबंकी में किसानों की लगभग 60 हेक्टेयर असिंचित भूमि बिगत 15 बर्षो से अधिक असिंचित होने के कारण मुख्य अभियंता शारदा सहायक ने संस्तुति सहित कुलाबा 5व 7 से लगभग 60 हेक्टेयर भूमि को नहरी परिचालन क्षेत्र से बाहर किए जाने का प्रस्ताव भेजा जिसे मुख्य अभियंता अग्रिम नियोजन ने शासन को 18–10–22 भेजा। शासन ने दिनांक 05–01–2023 को प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई एवं जलसंसाधन से अपना अभिमत संस्तुति सहित शासन को दिनांक 5–1–2023तक निश्चित रूप से भेजने हेतु आग्रह किया था। प्रकरण अभी तक शासन को नहीं भेजा गया जिससे भूमि नलकूप सगंठन को हस्तांतरित न होने के कारण नलकूप नहीं लग पा रहा है।

## थाना शाहगंज पुलिस द्वारा 02 वारंटियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस उप महानिरीक्षक /पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी शाहगंज व प्रभारी निरीक्षक शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 01–02–2023 की शाम को उ0नि0 श्री वरूणेन्द्र कुमार राय व हमराही कर्मचारीगण द्वारा मा0 न्यायालय ए0एम0–प्प् जौनपुर द्वारा जारी वारण्ट सम्बन्धित मु0नं0 4981/2007 स्टेट बनाम रामप्रसाद अन्तर्गत धारा 353/332/504/506/34 भादवि व 7 सी0एल0ए0 एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर से सम्बन्धित वारण्टी 1. अशोक पुत्र बांकेलाल निवासी अलीगंज थाना शाहगंज जौनपुर तथा 2.अरूण पुत्र जियालाल निवासी अलीगंज थाना शाहगंज जौनपुर को उनके घर से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार वारंटियों का नाम पताः– 1. अशोक पुत्र बांकेलाल निवासी अलीगंज थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 2. अरूण पुत्र जियालाल निवासी अलीगंज थाना शाहगंज जनपद जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1.उ0नि0 श्री वरूणेन्द्र कुमार राय थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 2.का0 अंकुश कुमार सिंह थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 3.का0 अश्वनी कुमार शर्मा थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चेकींग अभियान चलाकर की गई प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 02.02.2023 को शासन के निर्देश के क्रम में सड़क सुरक्षा माह– 2023 के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी यातायात/ नगर श्री कुलदीप कुमार गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0डी0 शुक्ला व समस्त उप निरीक्षक यातायात की उपस्थिति में ओवरलोडिंग व बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चेकींग अभियान चलाकर प्रभावी प्रवर्तन का कार्यवाही की गयी, व लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरुक भी किया गया । यातायात नियमों के उलघन में की गयी कार्यवाही का विवरणः– संपूर्ण चालानः– 195 संपूर्ण राजस्वः– 2,08,500/रु0 सीज किए गए वाहनः– 02। वही वाजिदपुर तिराहे पर स्थित यातायात पुलिस चौकी के पास यातायात पुलिस द्वारा अनावश्यक रुप से चौराहे से गुजरनें वाले वाहन सवारों को रोक कर परेशान किया जाता है जिससे चौराहे पर किनारे पटरी से चलनें वाले यात्रियों को कठिनाई और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

ऐसा जीवन जीयो कि अगर कोई आपकी बुराई भी करे तो लोग उस पर विश्वास न करें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# जरूरी प्रयासः प्रकृति और पर्यावरण शिक्षा आवश्यक

आप चाहे भौतिक या रसायन विज्ञान में रुचि रखते हों, इतिहास में या फिर फैशन डिजाइनिंग में, या दूर अंतरिक्ष से ही क्यों न जुड़ी हो आपकी रुचि, प्रकृति और पर्यावरण ऐसे सन्दर्भ हैं जो आपको आकर्षित जरूर करते होंगे। लहलहाते हरे खेत, गगन चूमते पहाड़, समन्दर में पिघलता सूरज, पंछियों का चहकना और पुष्पों से गंधाये उपवन, ये हम सभी को अपने रोजमर्रा की जिन्दगी के जद्दोजहद से जूझते हुए, कुछ सुकून के पल देते हैं।

लेकिन क्या कभी आपने सोचा है कि प्रकृति के जिन अवयवों को हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं, उनके प्रति थोड़ी सी संवेदनशीलता रखने पर, हम एक बेहतर जीवन जी सकते हैं और प्रकृति के नियमों को बेहतर समझ सकते हैं।

खास बात यह है कि प्रकृति और पर्यावरण शिक्षा कोई भी, किसी भी उम्र में, औपचारिक रूप से या अनौपचारिक रूप से और किसी भी माध्यम से प्राप्त कर सकता है। जरूरत है तो केवल एक चीज की, वह है थोड़ी सी उत्सुकता और थोड़ी सी अवलोकन करने की युक्ति। अक्सर हमारे घर के बड़े बुजुर्गों की बातों में हमने पाया है कि उनके मुहावरों और लोकोक्तियों में प्रकृति, पर्यावरण और जीव–जंतुओं के कई सन्दर्भ पाए जाते हैं। जैसे कि खिसियानी बिल्ली खम्बा नोचे, आसमान से गिरे खजूर पर अटके, ऊंट के मुंह में जीरा, या ऊंट का पहाड़ के नीचे आना।

पंडित विष्णु शर्मा द्वारा लिखी गई पंचतंत्र की कहानियां तो हम सब ने बचपन में पढ़ी हैं। यह कहानियां एक बेहतरीन उदाहरण हैं कि हमारे पूर्वजों ने कितनी बारीकी से आस–पास की प्रकृति को समझा था और प्रकृति के नियमों से सीख लेकर मानव जीवन को बेहतर करने का प्रयास किया था।

प्रकृति की समझ को विकसित करें

यदि आप प्रकृति की और अपनी समझ को विकसित करना चाहते हैं, तो यह बेहद आसान है। भले हम घने आबादी वाले व्यस्त शहरों में क्यों न रहते हों, हमारे आस–पास कुछ पेड़ तो अवश्य मिल जाते हैं। क्यों न पहल की जाए हमें अपने आस–पास के पेड़ों के नाम पता हों। नीम, गुलमोहर, सेमल, अमलतास, पीपल, बरगद, बेर, जामुन, अर्जुन, अशोक आदि कुछ ऐसे पेड़ हैं, जो शहरों में भी आसानी से दिख जाते हैं। यदि ध्यान दें, तो उम्रदार लोगों को अक्सर पाएंगे कि किसी पता ठिकाना को समझाते वक्त, वे अक्सर पेड़ों के स्मारक बताते हैं। जैसे कि, आम के पेड़ से पास वाली मंदिर से दाएं ओर, या इमली के पेड़ के पास वाली पनवारी से दो कदम आगे।

जरा सोचिए, यदि हम फिर से पेड़ों की स्मारकों की भाषा का इस्तेमाल करें, तो कितना आसान होगा पेड़ों के नाम याद रखना। और केवल नाम नहीं, यदि हम अपनी बोल–चाल की भाषा में पेड़ों को शामिल करें, तो स्वतः ही हम उन पेड़ों के फलने, फूलने और पत्ते झरने के समय और प्रक्रिया पर भी ध्यान देने लगेंगे। इस एक छोटे से अभ्यास से हम प्रकृति के साथ एक अनमोल रिश्ता कायम कर पाएंगे। हमारे मन में सुकून और संवेदनशीलता की प्रगति होगी, तथा समाज में पर्यावरण के संरक्षण का महत्व भी समझ पाएंगे।

पेड़ों पर हमारा ध्यान आकर्षित हो, इसके बाद यह स्वाभाविक है कि हम उन पेड़ों पर आने वाले पंछियों को नजरअंदाज नहीं कर पाएंगे। और आज के इंटरनेट, सोशल मीडिया व तरह–तरह के एंड्राइड एप्प्स के जमाने में, पेड़ों, पंछियों या कोई भी वन्यजीव के बारे में जानना कोई मुश्किल बात नहीं है।

फेसबुक पर तो आप दिन में एक मर्तबा अपनी प्रोफाइल व नोटिफिकेशन देखते ही होंगे। उसी फेसबुक में, 'बर्ड्स ऑफ इंडिया', 'ट्रीज ऑफ इंडिया', 'बटरफ्लाईज ऑफ इंडिया', 'स्नेक्स ऑफ इंडिया', आदि कई ग्रुप पेजेज हैं जिनमे प्रकृति प्रेमी व जानकारों से आप जुड़ सकते हैं। इन ग्रुप्स के सदस्य अक्सर पेड़ों, पंछियों और वन्यजीवों के तस्वीर, उनके नाम और पाए जाने वाले भौगोलिक स्थितियों की जानकारी साझा करते हैं।

पेड़ या पंछियों के बारे में जानने की कोशिश

इन ग्रुप्स पर, आप अपने आस–पास के पेड़ या पंछी के तस्वीर प्रेषित कर, जानकारों की मदद से उनकी विषय में जान सकते हैं और अपने ज्ञान और रुचि में वृद्धि कर सकते हैं। इसके अलावा, कई एंड्राइड एप्प हैं जिनमें केवल तस्वीर अपलोड करने पर आप पेड़ों पंछियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रणाली में, 'गूगल लेंस, भी अत्यंत आसान और उपयुक्त तरीका है अपनी प्राकृतिक जानकारी को बढ़ाने का। किसी भी फूल, पौधे या जीव की छवि को अपलोड करने पर, उससे जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध हो जाती है।

उपर्युक्त विधियों को अपनाने के बाद, यदि आप अपनी रुचि को एक कदम और आगे लेकर जाना चाहते हों, तो कई तरह के प्राकृतिक शिक्षा के ट्रेनिंग और वर्कशॉप भी आयोजित किए जाते हैं, जिनसे जुड़कर आप अपनी प्राकृतिक जानकारी में इजाफा कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, मुंबई स्थित 'बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी', 'सैंक्चुअरी एशिया फाउंडेशन', 'स्प्राउट्स एनवायरनमेंट ट्रस्ट', अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन 'वर्ल्डवाइड फण्ड फॉर नेचर', मैसूर स्थित 'नेचर कंजर्वेशन फाउंडेशन', दिल्ली स्थित 'सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन', तथा कई स्वतंत्र फ्रीलांसर, प्राकृतिक शिक्षा प्रदान करने में अपना सहयोग देते हैं।

अपने अपने शहर में इन शिक्षा प्रणालियों से जुड़कर, आप प्राकृतिक ज्ञान का लाभ ले सकते हैं। इन दिनों स्कूलों में भी प्राकृतिक और पर्यावरण शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया जाता है।

भले यह औपचारिक रूप से बच्चों के पाठ्यक्रम का हिस्सा न हो, किन्तु विद्यालयों में पाठकों के लिए अतिरिक्त पाठ्यक्रम में प्राकृतिक और पर्यावरण शिक्षा से जुड़े कार्यक्रम अवश्य निहित होते हैं। यदि आपके बच्चों के स्कूल में इस तरह के अतिरिक्त पाठ्यक्रम हैं, तो आप अपने बच्चों को अवश्य प्रोत्साहित करें, और यदि न हो तो, स्कूल प्रबंधन से अनुरोध कर प्रकृति की शिक्षा अवश्य शामिल करवाएं।

अगली छुट्टियों में, बच्चों को मॉल ये सिनेमा की जगह, नजदीकी अभ्यारण्य दिखाएं और सामान्य प्राकृतिक जानकारी की ओर उत्सुकता बढ़ाएं। प्राकृतिक शिक्षा प्राप्त समाज और प्राकृतिक जगरूकता रखने वाला समाज, एक बेहतर कल की ओर बढ़ने की अधिक सम्भावना रखेगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं।

## पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत वोमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट, लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ळ 20 शिखर सम्मेलन(''वसुधैव कुटुम्बकम'' या ''एक पृथ्वी एक कुटुंब एक भविष्य'') की अध्यक्षता भारत को मिलने के उपलक्ष्य में पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें निम्न विषयवस्तु पर पोस्टर और स्लोगन बनाए गए। विश्व के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए सतत विकास, स्वास्थ्य, नारी सशक्तिकरण, ,भारतीय संस्कृति, कृषि, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल परिवर्तन, रोजगार, इंफ्रास्ट्रक्चर और भ्रष्टाचार विरोधी विषय। उपरोक्त विषय पर छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता NSS कॉर्डिनेटर डा मनीषा सिंह ने किया तथा




संचालन डॉ देवेंद्र कुमार ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी स्टूडेंट्स और शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

## पत्रकार सिद्दीकी कप्पन जमानत पर जेल से रिहा : देशद्रोह–हाथरस कांड में हिंसा फैलाने का था आरोप

लखनऊ ब्यूरो : जिला जेल में बंद तथाकथित पत्रकार सिद्दीक कप्पन बृहस्पतिवार सुबह जेल से रिहा हो गया। कप्पन ने बताया वह 27 माह से जेल में बंद था। फिलहाल न्याय की जीत हुई और हाईकोर्ट से मुझे जमानत मिली। जिला जेल के जेलर राजेन्द्र सिंह के मुताबिक सिद्दीक कप्पन को कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने सुबह उसे रिहा कर दिया गया। बुधवार रात करीब आठ बजे कप्पन का रिहाई आदेश जेल पहुंचा था। हाईकोर्ट से कप्पन को ईडी (प्रवर्तन निदेशालय), दर्ज गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और आईटी एक्ट समेत अन्य सभी मामलों में जमानत मिलने के बाद जेल प्रशासन ने उसे रिहा कर दिया। मालूम हो कि केरल के मलप्पुरम निवासी सिद्दीक कप्पन को मथुरा पुलिस ने 5 अक्तूबर 2020 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कप्पन पर हाथरस मामले में हिंसा भड़काने की साजिश रचने के आरोप है। दिसम्बर 2021 को मथुरा जेल से लखनऊ जिला जेल में शिफ्ट किया। तब से कप्पन लखनऊ जेल मे बंद था। इसपर पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के साथ संबंध होने का भी आरोप है। आपको बता दें कि 23 दिसंबर को हाईकोर्ट ने सिद्दीक कप्पन को सशर्त जमानत दी थी। हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश संजय शंकर पांडे ने कप्पन को एक–एक लाख रुपये की दो जमानतें और इसी धनराशि का मुचलका दाखिल करने पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। कप्पन की ओर से गत 9 जनवरी को जमानतनामे कोर्ट में दाखिल किए गए थे। इस पर कोर्ट ने जमानतदारों की हैसियत का सत्यापन कराए जाने का आदेश दिया था। बुधवार को जमानतदारों व उनके द्वारा दाखिल दस्तावेजों का सत्यापन हो गया। जिस पर कोर्ट आरोपी को रिहा करने का आदेश दे दिया है। हाथरस कांड के दौरान हुई थी गिरफ्तारी चर्चित हाथरस कांड के दौरान कथित पत्रकार सिद्दिक कप्पन को गिरफ्तार किया गया था। कप्पन पर हवाला से धन प्राप्त कर



के देश विरोधी कार्यों में प्रयोग करने समेत अन्य आरोपों का संज्ञान लेकर ईडी ने कप्पन पर कार्रवाई की थी। जांच के दौरान पाया गया कि यूपी पुलिस ने 7 अक्तूबर 2020 को मसूद अहमद सिद्दीक कप्पन, अतिकुर रहमान और मोहम्मद आलम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उस समय गिरफ्तार किया था जब वह साम्प्रदयिक सौहार्द बिगड़ने, दंगे भड़काने और आतंक फैलाने हाथरस जा रहे थे। कहा गया कि आरोपी सिद्दीक कप्पन पीएफआई के मुखपत्र तेजस डेली में कार्य करता था। साथ ही आरोपी को 2015 में दिल्ली में दंगे करने के लिए नियुक्त किया गया था। आरोप है कि विवेचना में पता चला कि पीएफआई के सदस्य के रऊफ व अन्य सदस्यों को एक षड्यंत्र के तहत विदेश से 1 करोड़ 38 लाख रुपए दिए गए थे। 27 महीने से जेल में था कप्पन जिला जेल के जेलर राजेंद्र सिंह के मुताबिक न्यायालय से कप्पन को मनी लांड्रिंग, पीएमएलए मामले में जमानत मिल गई है। गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियमः यूएपीए और आईटी एक्ट समेत अन्य मामलों में कोर्ट से उसे पहले ही जमानत मिल चुकी है। जेलर ने बताया कि सिद्दीक कप्पन का रिहाई आदेश जेल प्रशासन को प्राप्त हो गया है। गुरुवार सुबह रिहाई संबंधी सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उसे जेल से रिहा कर दिया गया। पांच अक्तूबर 2020 को हाथरस में हिंसा भड़काने की साजिश रचने के आरोप में मथुरा पुलिस ने कप्पन समेत पांच को पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मथुरा जेल से उसे 21 दिसंबर 2021 को लखनऊ जिला जेल में शिफ्ट किया गया। कप्पन तब से जिला जेल लखनऊ मे बंद था। केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन ने कहा कि मैं 28 महीने बाद जेल से बाहर आया हूं। मुझे सपोर्ट करने के लिए मैं मीडिया का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। मुझ पर झूठे आरोप लगाए गए। मैं अब बाहर आकर खुश हूं।

## याजदान बिल्डर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर से ठगे 71 लाख : रुपये वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

लखनऊ ब्यूरो : अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर रविकांत उर्फ रविकांत शुक्ला से याजदान बिल्डर ने 71 लाख रुपये ठग लिये। बिल्डर ने पीड़ित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर से यह ठगी एलडीए के मानक के अनुसार अपार्टमेंट बनवाकर फ्लैट देने के वादा कर किया था। लेकिन इस अपार्टमेंट को अवैध बताते हुए एलडीए ने दिसंबर में ध्वस्त कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने धमकी दी। इस मामले में पीड़ित ने याजदान इंफ्राक न प्रा. लि. के चार निदेशक सहित सात लोगों को बनाया है। पीड़ित ने सभी आरोपियों के खिलाफ हजरतगंज थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज अखिलेश मिश्रा के मुताबिक मूलरुप से रायबरेली के रहने वाले रविकांत उर्फ रविकांत शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर हैं। रविकांत ने भारत की अंडर–19 टीम से 2006 में आयोजित विश्वकप में प्रतिनिधित्व किया था। इस टीम में वनडे के कप्तान रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा व पीयूष चावला जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल थे। रविकांत लखनऊ में हजरतगंज के डालीबाग इलाके में बटलर रोड स्थित केके अपार्टमेंट में रहते हैं। रविकांत ने हजरतगंज थाने में तहरीर दी। इसमें आरोप लगाया कि डालीबाग स्थित याजदान इंफ्राकन के प्राग नारायण रोड अलाया हेरिटेज अपार्टमेंट में दो फ्लैट बुक कराया था। पहला फ्लैट एच 208 की रजिस्ट्री 29 जुलाई 20 को कराई थी। इसके लिए 43 लाख रुपये दिया गया। वहीं फ्लैट नंबर जी 207 का एग्रीमेंट 22 सितंबर 20 को कराया। इसके लिए याजदान बिल्डर को 26 लाख रुपये डायरेक्टर सायम याजदानी, अलीम चौधरी, फहाद याजदानी, शराफत अली को दिया गया था। इसके अलावा सायम याजदानी की पत्नी, फहाद याजदानी की पत्नी श्रुति,



फसी अहमद ने इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। रविकांत का आरोप है कि इन लोगों उसे धोखा देकर 71 लाख रुपये ठग लिये। रेरा में पंजीकृत बताकर की थी बुकिंग अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर रविकांत का आरोप है कि याजदानी इंफ्राकन के निदेशकों ने उनको बताया कि अपार्टमेंट की योजना को उत्तर प्रदेश रेरा में पंजीकृत कराया है। जो दस्तावेज दिये उसके अनुसार एलडीए द्वारा प्रोजेक्ट को बनाने 20 नवंबर 2015 में अनुमति दी थी। फ्री होल्ड के लिए 1999 में ही तय रकम भी जमा कर दिये जाने की जानकारी दी। वहीं लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस अपार्टमेंट को 2022 में अवैध घोषित कर दिया। प्राधिकरण से जारी नोटिस में कहा गया कि इसका निर्माण नक्शा बिना पास कराये किया गया है। रविकांत का आरोप है कि याजदानी ने जो भी दस्तावेज दिखाये थे, सभी जाली थे। आरोपियों ने जाली दस्तावेज तैयार कर लोगों को ठगा है। रविकांत के मुताबिक सारी रकम कंपनी के खाते में दी गई थी। क्रिकेटर को परिवार सहित हत्या कराने की दी धमकी रविकांत ने तहरीर में कहा कि जब एलडीए ने बिल्डिंग को ध्वस्त कर दिया। इसकी जानकारी हुई तो बिल्डर से अपने रुपये वापस करने को कहा। इस पर याजदानी बिल्डर के निदेशकों व अन्य आरोपियों ने गालियां व धमकी दी और कहा कि रुपये नहीं मिलेंगे। ज्यादा दबाव बनाये तो परिवार सहित जान से मार दिया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक हजरतगंज अखिलेश मिश्रा के मुताबिक तहरीर पर धोखाधड़ी, कूटरचित सरकारी दस्तावेज तैयार करने, जान से मारने की धमकी सहित कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा रेलपथ के दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण कार्य का किया गया निरीक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर रेलवे ,लखनऊ मंडल द्वारा रेल यात्रियों को निर्धारित समय पर उनके गंतव्य तक पहुंचाने ,मालगाड़ियों के निर्बाध एवं समयबद्ध संचालन जैसे अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए ,मंडल पर प्रत्येक दिवस पर आवागमन करने वाली समस्त ट्रेनों को निर्बाध गति से संचालित करने हेतु सम्पूर्ण मंडल की परिधि में आने वाले रेल पथों का अविराम गति से दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसी क्रम में आज दिनांक 02.02.2023 को लखनऊ मंडल द्वारा रेल पथ के दोहरीकरण की दिशा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की गई, जिसके अंतर्गत मंडल के जौनपुर जं.–मुफ्तीगंज (पूर्वोत्तर रेलवे) 15.79 किमी. एवं जौनपुर जं.–मेहगावाँ (उत्तर रेलवे 6.37 किमी.) कुल 22.16 किमी. रेलखंड पर नवनिर्मित दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण कार्य को मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर सर्किल, लतीफ खान द्वारा देर शाम स्पीड ट्रायल लेते हुए परखा जाएगा साथ ही इस कार्य के दौरान मुख्य संरक्षा आयुक्त द्वारा जौनपुर जं. स्टेशन का निरीक्षण गया ၊ इस निरीक्षण के दौरान मुख्य संरक्षा आयुक्त ने ट्रैक की संरक्षा, समपार फाटकों की कार्य प्रणाली तथा दस्तावेजो एवं मार्ग में पड़ने वाले पुलों तथा लिमिटेड हाईट सब वे (LHS) इत्यादि का मोटर ट्राली द्वारा निरीक्षण करते हुए जायजा लिया साथ ही उपस्थित संरक्षा कर्मियों से संवाद स्थापित करते हुए उनसे संरक्षित एवं सुरक्षित परिचालन के सम्बन्ध में आवश्यक जांच की । उपरोक्त दोहरीकृत रेल खंड पर स्वीकृति के उपरान्त इस रेलखंड पर परिचालन और अधिक सुगम तथा सुविधाजनक हो जाएगा। मुख्य संरक्षा आयुक्त ने रेलवे की गतिशीलता में निरंतर वृद्धि करते हुए



अपनी कार्यकुशलता के सर्वोच्च मानकों के साथ कार्य करने पर बल दिया၊ ज्ञात हो कि पूर्व में जौनपुर–अयोध्या रेलखंड में अकबरपुर से गोसाईंगंज, मेहगावाँ से खेतासराय का दोहरीकरण स्वीकृत हो चुका है तथा आज के इस निरीक्षण की स्वीकृति के उपरान्त जौनपुर से खेतासराय रेलखंड पर दोहरीकृत मार्ग पर रेल संचालन प्रारम्भ हो जाएगा। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, श्री सुरेश कुमार सपरा ने भी जौनपुर जं. स्टेशन का भलीभांति अवलोकन करते हुए पैनल रूम की कार्यपद्धति,प्लेटफार्म एवं परिसर तथा निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया तथा इस विषय में अपने निर्देश एवं सुझाव दिए । मंडल रेल प्रबंधक ने अवगत कराया कि सम्पूर्ण मंडल की सीमारेखा में आने वाले रेल पथों को दोहरीकृत करने का कार्य प्रथम वरीयता के आधार पर संपन्न करने का कार्य किया जा रहा है । उन्होंने यह भी बताया कि इन रेल मार्गों का दोहरीकरण तथा विद्युतीकरण होने से यात्रियों एवं मालवाहक गाड़ियों का आवागमन और अधिक सुगम, समयबद्ध एवं सुविधाजनक हो जाएगा।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए धार्मिक अनुष्ठान शुरू : रामलला के प्रतिष्ठित होने तक चलेगा

अयोध्या ब्यूरो : राममंदिर का 60 फीसदी काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही रामलला को भव्य गर्भगृह में प्रतिष्ठित करने की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक अनुष्ठान भी शुरू करवा दिया है। जो रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने तक चलेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अब महज 11 माह का समय बचा है। ऐसे में मंदिर निर्माण में कोई विघ्न बाधा न आए इस कामना से वसंत पंचमी के दिन शुभ मुहूर्त में वैदिक आचार्यों ने विशेष अनुष्ठान शुरू किया है। पहले दिन श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय इसके मुख्य यजमान थे। उल्लेखनीय है कि राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण की विघ्न बाधा निवारण की कामना से एक अनुष्ठान वर्ष 2020 से ही चल रहा है। बताया जा रहा है कि वसंत पंचमी से शुरू हुआ अनुष्ठान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने तक चलेगा। हर रोज पूजा के लिए नए यजमान पूजन में शामिल होंगे। कारसेवकपुरम स्थित वेद विद्यालय के प्रमुख आचार्य पंडित इंद्र देव मिश्रा व आचार्य दुर्गा प्रसाद मिश्रा के निर्देशन में पूजन का क्रम चल रहा है। अब तक 100 से अधिक यजमानों की सूची भी तैयार कर



कर ली गई है। गर्भगृह में लग चुके हैं 60 हजार घनफीट पत्थर मंदिर के गर्भ गृह में अब तक 60 हजार घनफीट पत्थर बिछाई जा चुके हैं। भूतल में 166 लाख घन फीट पत्थर लगने हैं। गर्भ गृह के चारों ओर दीवारें बन गई है। मंदिर की दीवारें 13 लेयर में बननी हैं। इनमें से नौ लेयर डाली जा चुकी हैं। भूतल के सभी 170 स्तंभ भी लगा दिए गए हैं। ट्रस्ट का कहना है कि 21 दिसंबर 2023 से मकर संक्रांति 2024 के बीच शुभ तिथि में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

## यज्ञ हवन पूजन से महका ज्वालामाई का आंगन : शनिवार को होगा पूर्णाहुति यज्ञ व भण्डारा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोण्डा के कर्नलगंज– कटरा मार्ग पर बेलसर ब्लाक के ग्राम खमरौनी स्थित ज्वाला माई मंदिर में चल रहे दस दिवसीय शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति में अब महज दो दिन शेष रह जाने पर आयोजन परिसर में सुबह से देर रात तक भक्तों और लीला दर्शकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। लोहे और स्टील से बने आकर्षक विशाल नौ कुंडीय यज्ञ मंडप में मनोकामना की सिद्धि के लिए हजारों श्रद्धालुओं द्वारा शतचंडी यज्ञ देवी को अर्पित किए जौ तिल अक्षत धूप शहद घई व इत्र की पवित्र समिधा से ज्वाला माई का आंगन सहित सम्पूर्ण परिसर महक उठा है। वैदिक विद्वानों के महामंत्र व साधु–संत की टोली द्वारा राम नाम संकीर्तन की फिजाओं में अनवरत गूंज से खमरौनी का ग्रामीण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। यज्ञ आयोजक व्यवस्थापक गुजरात के सूरत स्थित सिद्ध मनोकामना हनुमान मंदिर पीठ के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी रामसेवक दास उर्फ त्यागी बापू में गुरुवार को वार्ता में बताया कि 23वें शतचंडी महायज्ञ में आठवें दिवस तक यज्ञ संकल्पित यजमानों के अतिरिक्त दस हजार से भी ज्यादा श्रद्धालु पूजन अर्चन में भाग ले चुके हैं। स्वामी जी ने दावा किया कि वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष 25 जनवरी से 4 फरवरी तक 11 दिवसीय यज्ञ में अब तक दो लाख से अधिक गुजरात व स्थानीय श्रद्धालु इस पवित्र परिसर में पूजन अर्चन कर ज्वालामाई का आशीर्वाद ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि शतचंडी महायज्ञ का समापन शनिवार को सायं 4:00 बजे पूर्णाहुति यज्ञ से हो रहा है। पूर्णाहुति यज्ञ के साथ आयोजित विशाल भंडारे के लिए व्यवस्था प्रभारी युवा समाजसेवी हनुमंत शरण तिवारी, दुर्गा प्रसाद तिवारी व सत्य प्रकाश उपाध्याय के नेतृत्व में युवा समाज समाजसेवियों



की सहयोग से व्यापक तैयारी की जा रही है। राम लीला में धनुष यज्ञ के मंचन पर झूमे दर्शक शतचंडी महायज्ञ के रंगमंच परिसर में गुरुवार को मथुरा वृंदावन से आए श्याम सुंदर रासलीला मंडल के कलाकारों ने स्वामी धर्मपाल के निर्देशन में रामलीला में धनुष यज्ञ का मंचन किया। जनकपुर में भगवान राम व देवी सीता का मोहक स्वरूप का दर्शन कर दर्शक आनन्द से प्रफुल्लित हो गए। गुजरात के व्यापारी युवा नेता हनुमंत शरण ने भगवान की युगल आरती के साथ माल्यार्पण किया। लीला में उपस्थित श्रद्धालु महिलाओं ने अपने बाल गोपाल की सुख समृद्धि के लिए भगवान के चरणों में शीश झुका कर आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर इंद्र बहादुर तिवारी, रवि सिंह संतोष पांडेय, नीरज दास व प्रदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

# राम जन्मभूमि पर बम ब्लास्ट की धमकी : पुलिस अलर्ट : एफआईआर दर्ज

अयोध्या ब्यूरो : अयोध्या में रामकोट स्थित रामलला सदन मंदिर में रहने वाले एक युवक के फोन नंबर पर गुरुवार की सुबह एक अज्ञात कॉल लाई जिसने फोन करके राम जन्मभूमि को उड़ाने की बात कही। युवक ने इसकी सूचना तत्काल थाना राम जन्मभूमि पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना राम जन्मभूमि के प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि रामलला सदन में रहने वाले मनोज कुमार जो कि वर्तमान में प्रयागराज माघ मेले में हैं। गुरुवार की सुबह करीब पांच उनके मोबाइल पर एक फोन आया जब मनोज ने उनसे पूछा कि आप कौन हैं और कहां से बोल रहे हैं तो फोन करने वाले ने कहा की मैं दिल्ली से बोल रहा हूं आज सुबह दस बजे तक राम जन्मभूमि उड़ा दूंगा। इसकी सूचना मनोज द्वारा थाना राम जन्मभूमि पुलिस को दी गई, जिसमें तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। राम जन्म भूमि को बम से



उड़ाने की धमकी के बाद पूरे राम जन्मभूमि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। प्रवेश मार्गों पर चेकिंग अभियान भी शुरू करा दिया गया है। जिस नंबर से फोन किया गया था उस नंबर को ट्रेस कर अन्य जानकारी जुटाई जा रही है।

## अयोध्या राम नगरी को इतना विह्वल कभी नहीं देखा जो लाखों लोग सड़क किनारे हाथ जोड़े खड़े थे एक झलक पाने को

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या में श्रीराम प्रभु की मूर्ति बनाने के लिए नेपाल से शालिग्राम पत्थर बुधवार देर शाम रात को ट्रक से शहर से अयोध्या धाम के लिए गुजरा। न कोई प्रचार नहीं, न और न ही कोई बुलावा, फिर भी शहर देहात गली कूंचो से निकल कर सड़को पर. श्रीराम शिला की एक झलक पाने के लिए एकत्र हो गए। उस भीड़ मे युवक, बूढ़े, बच्चे वृद्ध महिलाएं, घूंघट ओढ़े खड़ी दुल्हनें, बच्चियां सभी लोग हाथ में जल अक्षत ले कर सड़क किनारे घंटों इंतजार करते दिखे। ट्रक सामने आता है तो विह्वल हो कर दौड़ पड़ती हैं ।उसके आगे छलछलाई आंखों से निहार रही हैं। उस पत्थर को, जिसे राम की मूर्ति होना है। बूढ़ी महिलाएं, जो शायद शालिग्राम पत्थर के राम–लखन बनने के बाद नहीं देख सकेंगी। वे जी भर कर निहार लेना चाहती हैं ।अपने राम को... निर्जीव पत्थर में भी अपने आराध्य को देख लेने की शक्ति पाने के लिए किसी सभ्यता को आध्यात्म का उच्चतम स्तर छूना पड़ता है। इन माताओं, बहनों, भाइयों को यह सहज में ही मिल गया है। लड़कियां हाथ जोड़े खड़ी थी। और लड़के उत्साह में , इधर से उधर दौड़ रहीं थी। लोग भूल गए थे अमीर गरीब का भेद, लोग भूल गए अपनी



जाति– गोत्र! उन्हें बस इतना याद है की उनके नजर के सामने से होकर उनके राम जा रहे हैं। कोई नेता, कोई संत, कोई विचारधारा इतनी भीड़ इकट्ठा नहीं कर सकता,न यह उत्साह पैदा कर सकता था। सबको जोड़ देने की यह शक्ति केवल और केवल धर्म में है, यह श्री राम जी में है। लोग आगे बढ़– बढ़ कर शालिग्राम पत्थर को छू रहे थे तो कोई शालिग्राम पर चढ़ाई गयी माला प्रसाद स्वरूप फेंकता है। कुछ स्त्रियां किनारे खड़ी हाथ पसार रही थी। एक ही फूल मिल जाए तो समझो सौभाग्य मिल जाए।

## स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में रहेंगे परीक्षा केंद्र : 16 से शुरू होगी हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित वर्ष 2023 की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं आगामी 16 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस बार प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी जो केन्द्र पर नकल रोकने के लिए कड़ी निगरानी करेगा। जिले में 133 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं जिसमें से 11 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील माना गया है। इन संवेदनशील केन्द्रों पर पुलिस और खुफिया कर्मचारी भी पैनी नजर रखेंगे। सभी तहसीलों को जोन बनाकर जिलाधिकारी की ओर से जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों के नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। जिले में 11 परीक्षा केन्द्र संवेदनशील श्रेणी में रखे गये हैं। यह परीक्षा केन्द्र श्रीराम लखन यादव मीरामऊ रुदौली, लाला राम आदर्श इंटर कॉलेज नरौली रुदौली, केकेएडी इंटर कॉलेज मजरुद्दीनपुर, साधना हाईस्कूल चितवन तारून, डायमंड इंटर कॉलेज रामपुरभगन, ज्ञानोदय दुखहरन इंटर कॉलेज टकसरा, शहीद रामसूरत जीआईसी पलिया लोहानी हैरिंगटनगंज, आरडी इंटर कॉलेज सुचित्तागंज, ब्राइट करिअर अकादमी इंटर कॉलेज कुंदुर्खा खुर्द ड्योढ़ी व ईश्वरदीन इंटर कॉलेज ददेरा हैं। एसोसिएट डीआईओएस डॉ.बसंत कुमार ने बताया कि परीक्षा को पूरी तरह से नकलमुक्त सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए विभाग और जिला प्रशासन की ओर से सभी एहतियाती कदम उठाया जा रहा है। किसी भी सूरत में किसी भी केन्द्र पर नकल न हो, इसके लिए प्रत्येक केन्द्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग की जाएगी।

## प्रयागराज और लखनऊ एयरपोर्ट का होगा विकास : पलिया में अब बनेगा नया एयरपोर्ट

लखनऊ ब्यूरो : केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रदेश में 50 नए एयरपोर्ट बनाने की घोषणा की है। प्रदेश में लखीमपुर खीरी के पलिया में नया एयरपोर्ट बनाया जाएगा। पलिया में एयरपोर्ट बनाने के लिए औचित्य की रिपोर्ट सरकार को मिल गई है। प्रदेश में अभी 9 एयरपोर्ट संचालित है और नौ एयरपोर्ट पर काम चल रहा है। प्रदेश में अभी लखनऊ, वाराणसी, बरेली, हिंडन, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर और कुशीनगर एयरपोर्ट संचालित है। इसमें से लखनऊ, वाराणसी और कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट है। जबकि सोनभद्र, अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती, मुरादाबाद, कानपुर, अयोध्या, नोएडा में जेवर और सहारनपुर एयरपोर्ट का निर्माण प्रक्रियाधीन है। प्रदेश सरकार ने पलिया में एयरपोर्ट बनाने के लिए सरकार ने एक एजेंसी से सर्वे कराया है। सर्वे में पलिया में एयरपोर्ट की आवश्यकता, वहां से मिलने वाले बिजनेस, एयरपोर्ट से होने वाले फायदे का सर्वे कराया है। शासन को औचित्य की रिपोर्ट मिल गई है। रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद इस पर आगे की कार्यवाही शुरू की जाएगी। लखनऊ और प्रयागराज एयरपोर्ट का विस्तार होगा लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट का विस्तार किया जाएगा। एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल और रनवे बनाने की योजना है। वहीं 2025 कुंभ के मद्देनजर प्रयागराज एयरपोर्ट पर नए रनवे और नए टर्मिनल का निर्माण कराने की भी योजना है। शासन ने इस संबंध में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को पत्र लिखा है। आगरा एयरपोर्ट पर बनेगा नया सिविल टर्मिनल आगरा एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक बढ़ाने पर लगी रोक को सुप्रीम कोर्ट ने हटा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आगरा एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक बढ़ाने की मंजूरी दी है। इसके बाद प्रदेश सरकार वहां नया टर्मिनल सहित आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने की कवायद



शुरू की है। सहारनपुर एयरपोर्ट के लिए मिली पर्यावरण एनओसी शासन को सहारनपुर में नया एयरपोर्ट बनाने के लिए पर्यावरण की एनओसी मिल गई है। केंद्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से अब वहां एयरपोर्ट निर्माण की कार्यवाही शुरू की जाएगी। इस साल शुरू हो जाएंगे छह नए एयरपोर्ट प्रदेश में सोनभद्र, अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती और मुरादाबाद में एयरपोर्ट से इस साल उड़ान शुरू हो जाएगी। इन एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं के संचालन के लाइसेंस आगामी चार पांच महीने में मिल जाएंगे। कानपुर में बनाए गए नए एयरपोर्ट का संचालन भी अप्रैल महीने तक शुरू हो जाएगा। वहीं अयोध्या में बन रहे मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं का संचालन 2024 की शुरुआत में हो जाएगा। जेवर एयरपोर्ट का काम भी तेजी से चल रहा है।

# नेपाल से अयोध्या पहुंचा शालिग्राम शिला : देवशिला जुड़ा इतिहास जानें अब इनका क्या किया जाएगा

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। नेपाल से बिहार होते हुए देवशिला अयोध्या पहुंच चुकी है,लोगों के जहन में यह उत्सुकता जरूर होगी कि अब इसका क्या होगा और किस तरह की पूजा होगी,इन सब सवालों के साथ यह भी जान लीजिए कि जिन रास्तों से यह देवशिला लाई गई है उन्हीं रास्तों से त्रेता युग में भगवान श्री राम खुद बिहार होते हुए जनकपुर गए थे, इसीलिए लोगों ने दो शिलाओं में से बड़ी को श्री राम मान लिया तो छोटी को माता सीता मान लिया, दृश्य ऐसा था कि मानों सीता की विदाई हो रही हो और लोग दुखी इसलिए भी थे कि एक बार श्री राम गए तो वापस फिर कभी मिथिला नहीं आए तो इस बार भी राम जा रहे हैं तो वापस आएंगे कि नहीं,गुरुवार 2 फरवरी को अयोध्या के श्रीराम कारसेवक पुरम में लाई गई इन दोनों शिलाओं की पूजा किस तरह होगी इसको लेकर हर किसी के मन में उत्सुकता जरूर होगी, यह जानने के पहले यह जान लीजिए कि यह दोनों शिलाएं नेपाल सरकार ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को दान स्वरूप दी हैं। शिलाओं को हस्तांतरित करने के लिए प्रतिनिधि के तौर पर नेपाल से जानकी धाम के मुख्य महंत और वहां के पूर्व उप प्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि भी शिला के साथ आए हैं। शास्त्रनुसार पूरे विधि विधान से नेपाल सरकार की तरफ से यह दोनों प्रतिनिधि श्री राम मंदिर ट्रस्ट को सौंपेंगे,इस दौरान जो विधि विधान और दान अर्पित करने की पद्धति होती है वैसा ही कुछ आपको श्रीराम कारसेवक पुरम में देखने को मिलेगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल ने बताया कि, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नेपाल सरकार द्वारा यह दान दिया गया है। और उनके अधिकृत यह लोग आए हैं, पूज्य महंत और एक प्रतिनिधि उनके साथ हैं,वहां के पूर्व उप प्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि जी मिलकर शास्त्र विधि से ट्रस्ट को समर्पित करेंगे। बैठक में लिया जाएगा बड़ा फैसला अब सवाल उठता है कि क्या नेपाल से लाई गई इन्हीं देव शिलाओं से श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान होने वाले रामलला की मूर्ति बनाई जाएगी तो इसका जवाब सीधे तौर पर इतना भर है कि शिलाओं के हस्तांतरण के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक होगी ।इस बैठक के दौरान शास्त्रीय विशेषज्ञ धार्मिक विद्वान और कला की दृष्टि से विशेषज्ञ भी मौजूद होंगे। इसी बैठक के दौरान यह तय होगा कि इन शिलाओं से गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठित किए जाने वाले रामलला की मूर्ति तैयार होगी या फिर इनका उपयोग राम दरबार या अन्य कहीं किया जाएगा ।कामेश्वर चौपाल ने बताया कि इसमें ट्रस्ट के लोगों ने कुछ निर्णय लिया है कि कितनी बड़ी मूर्तियां बनेंगी और कैसी बनेंगी यानी उनका स्वरूप क्या होगा। इन बिंदुओं पर विचार हुआ हैं। इसके बाद फिर से ट्रस्ट के लोग बैठेंगे ।शास्त्रीय विशेषज्ञ और कला की दृष्टि से विशेषज्ञ बैठकर जो निर्णय करेंगे वह आगे किया जाएगा ।जनकपुर और मिथिला के लोगों को है ये आशंका भले ही अभी तक राम मंदिर ट्रस्ट ने कोई अंतिम निर्णय न लिया हो, लेकिन लोगों ने तो बड़ी शिला को श्री राम और छोटी को माता सीता के रूप में देख भी लिया है मान भी लिया है और पूज भी लिया है। जनकपुर और मिथिला के लोगों को आशंका है तो केवल यह कि जैसे त्रेता में राम आए थे और गए तो घूम कर फिर से मिथिला में नहीं आए, आज फिर से जा रहे हैं तो वापस आएंगे कि नहीं आएंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल ने बताया कि, हम लोग तो नेपाल के उत्साह से अधिक उत्साहित हो गए, नेपाल के लोग जब तक शिला की खोज हुई थी तब तक इतने उत्सुक नहीं थे और जैसे ही खोज हो गई वैसे ही वह शिला को सीधे–सीधे भगवान राम से जोड़ दिए हैं और उसका नाम वहां पर देवशिला रखा गया, उसके बाद निर्णय हुआ कि पूजा करेंगे, इसके लिए शिला को लेकर जनकपुर गए। श्रद्धा से लबरेज भावनाओं की कोई सीमा नहीं होती इसीलिए नेपाल से भारत में प्रवेश करते समय देशों की सीमाएं टूट गईं। नेपाल और भारत दोनों तरफ के लोग ऐसे मिल गए जैसे सीता की विदाई हो रही हो, कहीं क्रंदन था तो कहीं आंसू से भरी आंखों से शिला को पकड़ना, छूना यह फिर दुलारा, कामेश्वर चौपाल ने बताया कि, जैसे हम लोगों ने नेपाल से भारत में प्रवेश किया तो वह बॉर्डर की सीमा टूट गई। भौगोलिक सीमा टूटी और दोनों तरफ के लोग ऐसे मिल गए जैसे मिथिला से सीता की विदाई हो रही है और राम के साथ सीता जा रही हैं, उस समय का दृश्य बहुत कारुणिक भी था ।अब इसे संयोग कहेंगे या फिर देव इच्छा कि जनकपुर से विहार होते हुए जिन रास्तों से यह शिला अयोध्या तक पहुंची है, त्रेता युग में कभी इन्हीं रास्तों से श्री राम बिहार होते हुए जनकपुर गए थे। इसीलिए शिला लेकर आ रहे राम मंदिर ट्रस्ट के लोगों को रास्ते का दृश्य देखकर ऐसा महसूस हुआ मानो त्रेतायुग वापस आ गया हो ।कामेश्वर चौपाल ने बताया कि, मुझे लगता है कि, बिहार की सीमा में घुसते और निकलते समय जनसैलाब ही जनसैलाब था,ऐसा लग रहा था कि त्रेता युग वापस आ गया है। संयोग था कि कभी त्रेता युग में इसी मार्ग से होते हुए बिहार गए थे।

## बजट के बाद शेयर बाजार बढा : फिर पड़ा फीका : सोना–चांदी चमके : सेंसेक्स 158 अंक चढ़कर बंद

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बजट पेश किया, ऐसे में बाजार की नजर सरकार की घोषणाओं पर रही। भारतीय बाजार आज ऊपर खुले ।बजट भाषण के बाद सेंसेक्स में करीब 1000 अंकों की तेजी देखी गई, हालांकि बाद में ये केवल 158 अंक की तेजी के साथ 59,708 के स्तर पर बंद हुआ. वहीं निफ्टी 45 अंक गिरकर 17,616 पर बंद हुआ। बजट के दिन बीते सालों में बाजार के एक्शन की बात करें तो बीते 7 सालों में औसतन 0.9% का पॉजिटिव मूवमेंट आया है। 2021 में बजट के दिन बाजार में 5% की तेजी आई थी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के कारण अडाणी ग्रुप के शेयर– अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पावर, अडाणी पोर्ट्स, अडाणी टोटल गैस, अडाणी ग्रीन, अडाणी ट्रांसमिशन, अडाणी विल्मर, एसीसी और अंबुजा दबाव में रहे। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 26.70% गिरकर 2,179.75 पर बंद हुआ ।ICICI बैंक, JSW स्टील, ITC, टाटा स्टील, ब्रिटानिया, सिप्ला और HDFC बैंक समेत निफ्टी–50 के 23 शेयरों में तेजी रही, वहीं अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी पोर्ट्स, HDFC लाइफ और SBI लाइफ समेत निफ्टी के 27 शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

## निवेशकों का निवेश किया हुआ एक–एक पायी रहेगा सुरक्षित व संरक्षित : जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का हुआ आयोजन

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। माह फरवरी 2023 में प्रथम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु जनपद के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए जनपद स्तरीय इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में किया गया। अयोध्या इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन नंद गोपाल गुप्ता नंदी मंत्री औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई निवेश उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा अपने उदबोधन में जनपद में लगभग 19,042.82 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निवेशकों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही प्रोत्साहन सुविधाएं सहजता से उपलब्ध करायें जाने का भरोसा दिलातें हुए प्रदेश के अर्थिक विकास हेतु निवेशकों/उद्यमियों से अधिक से अधिक निवेश करने की अपेक्षा की गई। उन्होंने कहा है कि सभी निवेशक भाईयों का निवेश किया हुआ एक–एक पायी सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था के द्वारा भयमुक्त वातावरण का निर्माण किया गया है। इसमें सभी निवेशक भाई आज मंच पर आकर अपने निवेश की पूंजी के बारे में बता रहे है। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कहा कि अयोध्या में पर्यटन एवं संस्कृति के क्षेत्र में बड़ी तेजी से विकास हो रहा है। जनपद में निवेश सुरक्षित एवं संरक्षित रहने के साथ अन्य निवेशकों को भी आकर्षित करेगा। जनपद में निवेश की आपार संभावनायें है। जिलाधिकारी द्वारा निवेशकों को भरोसा दिलाया गया कि निवेश हेतु निवेशकों से प्राप्त सुझाव के अनुसार जनपद में औद्योगिक विकास के अनुकुल वातावरण का सृजन किया जायेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितीश कुमार ने उद्योग से जुड़े हुये विशिष्ट व्यक्तियों के अलावा विधायक रूदौली राम चन्द्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह भी उपस्थित रहें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी ने कहा कि अयोध्या में विशेष सुरक्षा व्यवस्था बनी रहेगी। हम सभी निवेशकों को विश्वास दिलाते है कि उन्हें जनपद अयोध्या में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नही होगी। उद्घाटन समारोह के उपरान्त उपायुक्त उद्योग, अमरेश कुमार पाण्डेय द्वारा एम0एस0एम0ई0 नीति–2022 एवं आगामी 10 से 12 फरवरी, 2023 को आयोजित इंवेस्टर समिट के बारें में विस्तार से बताया गया। क्षेत्रीय प्रबन्धक यू0पी0 सीडा, के0एन0 श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक एच0पी0 सिंह एवं उपायुक्त उद्योग अमरेश कुमार पांडेय द्वारा अपने–अपने विभागों में चल रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी निवेशकों को दी गयी। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रोत्साहन से सम्बन्धित प्रोत्साहन नीतियों यथा टेक्सटाइल पालिसी–2022 एम0एस0एम0ई0 नीति–2022, आई0आई0ई0पी0 पालिसी–2022 पर्यटन नीति–2022 तथा बैक द्वारा संचालित वित्तीय योजनाओं का पावर पॉइट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। इन्वेस्टर्स समिट–2023 में जनपद अयोध्या में अब तक एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र में रू0 527. 20 करोड़, यू0पी0 सीडा में रू0 845 करोड़, पर्यटन में रू0 6176. 15 करोड़, अयोध्या तथा विकास प्राधिकरण में रू0 4037 करोड़ कुल मिलकर रू0 19,042.82 करोड़ निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है, जिसमें 44,997 रोजगार का सृजन होगा। इन्वेस्टर्स समिट में मा0 मंत्री औद्योगिक विकास उ0प्र0 लखनऊ द्वारा औद्योगिक एवं आर्थिक विकास में उत्कृष्ट योग्यदान हेतु निवेशकों/उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र, से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विधायक रामचन्द्र यादव द्वारा जनपद के निवेशकों को अधिक से अधिक निवेश करने हेतु प्रोत्साहित किया और हर प्रकार से सहयोग का आश्वासन दिया। आईआईए के जिलाध्यक्ष एस0पी0 सिंह एवं लघु उद्योग भारती के जिला इकाई के अध्यक्ष अविनाश चन्द्रा ने महत्वपूर्ण सुझाव दिया। जैगरी एसोसिएशन के अध्यक्ष अविनाश चन्द्र दूबे व आरपी मिश्रा द्वारा 21 किलों की माला एवं बुके से मंत्री एवं मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। इन्वेस्टर्स समिट में लगभग 214 निवेशक/उद्यमी/ एफपीओ आदि का पंजीकरण किया गया। अयोध्या इन्वेस्टर्स समिट में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव, धीरज राजपाल सचिव आईआईए, सुमित जायसवाल, एसबी सिंह, अजय झुनझुनवाला, देवेन्द्र राय, अन्य विभाग के अधिकारी, सम्मानित उद्यमी तथा मीडिया कर्मी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# रेलवे ट्रेक दोहरी करण का काम कर रहे मजदूर की हुई मौत

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।सोहावल –अयोध्या रौनाही थाना क्षेत्र अयोध्या लखनऊ प्रखंड देवरा कोट रेलवे स्टेशन काम कर रहा बडकी सलैया स्टेशन औरंगाबाद बिहार निवासी 20 वर्षीय मजदूर कमलेश पुत्र कृष्ण कुमार अपने ही हैड्रा क्रेन वाहन की चपेट मे आ जाने से घायल हो गया। मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के खंड ठेकेदार द्वारा इलाज के लिए सीएचसी सोहावल ले जाते हुए रास्तै मे मौत हो गयी। मृतक के साथी मजदूर तथा ठेकेदार राम दीन मीणा ने बताया कि सुबह हैड्रा वाहन पर काम कर रहा था। अचानक गिर जाने से अगले पहिये के नीचे आने से घायल हो गया। सीएचसी से पहले हालत गंभीर हो गयी। जहां डाक्टरो ने पहुंचने पर मृतक घोषित कर दिया।

## सदर तहसील : बाबुओं की लापरवाही से अटकीं 10 हजार फाइलें

लखनऊ ब्यूरो : सदर तहसील के कर्मियों की लापरवाही लोगों पर भारी पड़ रही है। तहसील के न्यायालयों में दस हजार से अधिक फाइलों को अपडेट नहीं किया गया है। जिससे लोगों को मुकदमों की सही जानकारी नहीं मिल रही है। एसडीएम सदर विनोद कुमार सिंह ने लापरवाही करने वाले दस कर्मियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और कार्रवाई की चेतावनी दी है। राजस्व से संबंधित मुकदमों की प्रगति जानने के लिए उप जिलाधिकारी सदर विनोद कुमार सिंह ने बीते दिनों तहसील के अधि




कारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। समीक्षा बैठक में कुल 12,558 लंबित पाए गए थे। 29 जनवरी को फिर से मुकदमों की समीक्षा की तो संबंधित लिपिकों की लापरवाही सामने आई। समीक्षा में तहसीलदार के न्यायिक लिपिक शिवप्रसाद के पटल पर 3784, एसडीएम के राजस्व अहलमद वेंकटेश्वर राव व फौजदारी अहमद मनीष रावत के पटल पर 992, नायब तहसीलदार सदर के रीडर सुशील कुमार शर्मा के पटल पर 2317, नायब तहसीलदार धानेपुर के रीडर रमाराम शुक्ल के पटल पर 765, नायब तहसीलदार बिरवा के रीडर हनुमान प्रसाद पांडेय के पटल पर 1253, तहसीलदार सदर के न्यायिक लिपिक अमित कुमार सोनी के पटल पर 365 व नायब तहसीलदार खरगूपुर के रीडर कृष्णकुमार मिश्रा के पटल पर 857 फाइलों समेत कुल 10333 फाइलें लंबित पाई गईं। एसडीएम ने शासकीय कार्यों में अरुचि और आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में सभी कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब–तलब किया है। माह भर तक दबाए रखी दैवी आपदा की रिपोर्ट दैवी आपदा कार्यालय प्रभारी गिरीश चंद्र सोनकर को दैवी आपदा के दो मामलों की रिपोर्ट महीने भर तक दबाए रखने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सदर तहसील के गोविंद पारा गांव के रहने वाले माता प्रसाद की 12 दिसंबर 2022 को छाछपारा कानूनगो गांव के समीप सड़क किनारे गड्ढे में डूबकर मौत हो गई थी। इसकी रिपोर्ट राजस्व निरीक्षक राजदेव पांडेय ने तीन जनवरी को दैवी आपदा कार्यालय प्रभारी को सौंपी थी। कार्यालय प्रभारी गिरीश चंद्र सोनकर इस रिपोर्ट को महीने भर तक दबाए रहे। इसी तरह नरायनपुर गांव के रहने वाले राम सागर की भी 27 नवंबर को तालाब में डूबकर मौत हो गई थी। इसकी रिपोर्ट 16 दिसंबर को राजस्व निरीक्षक ने प्रभारी गिरीश चंद्र को सौंपी थी। इस रिपोर्ट को भी दबाए रखा गया। दोनों रिपोर्ट 20 जनवरी को एसडीएम के सामने प्रस्तुत की गई, जबकि दैवी आपदा से संबंधित मामलों का 24 घंटे में निस्तारण करने का निर्देश है। नाराजगी जताते हुए एसडीएम ने दैवी आपदा कार्यालय प्रभारी गिरीश चंद्र सोनकर को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है । लेखपाल की वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक ऑनलाइन शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले लेखपाल बृजेश कुमार श्रीवास्तव की एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी गई है। लेखपाल पर ऑनलाइन शिकायत के निस्तारण में सतही रिपोर्ट लगाने का आरोप है। तहसीलदार सदर परशुराम ने लेखपाल की रिपोर्ट को गैर जिम्मेदाराना और स्वेच्छाचारिता बताते हुए उनकी एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का निर्देश दिया है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।